# युवाओं की सकारात्मक भूमिका से होगा राष्ट्र निर्माण




**सीधा सवाल। निम्बाहेड़ा।** युवा देश की रीढ़ होती है। शिक्षा उसको शक्ति प्रदान करती है। युवाओं के सशक्तिकरण से ही राष्ट्र निर्माण संभव है। इसमें सरपंचो की विशेष भूमिका हो सकती है। उक्त वक्तव्य प्रो. डॉ लोकेश शर्मा ने पंचायत समिति निम्बाहेड़ा के सभागार में कहे। मेवाड़ विश्वविद्यालय के सिविल सर्विसेज निदेशालय के निदेशक डॉ शर्मा मेवाड़ विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित लॉकडाउन सारथी सम्मान समारोह में बतौर मुख्य वक्ता बोल रहे थे। उन्होंने सरपंचो को युवाओं को शिक्षा की ओर प्रोत्साहित करने का आह्वान किया। मेवाड़ विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित लॉकडाउन सारथी सम्मान समारोह पंचायत समिति के सभागार में आयोजित हुआ जिसमें निम्बाहेड़ा पंचायत समिति के सरपंचो, पंचायत समिति के सदस्यों जिला परिषद के सदस्यों को प्रतीक चिह्न के साथ पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। लॉकडाउन के समय में सरपंचों की विशेष भूमिका को दृष्टिगत रखते हुए मेवाड़ विश्विद्यालय ने सभी संबंधित सरपंचो का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंचायत समिति के प्रधान बगदीराम जी ने मेवाड़ विश्वविद्यालय के इस सम्मान के कदम की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय के इस कदम से पंचायत के सभी जनप्रतिनिधियों को और अच्छा कार्य करने का प्रोत्साहन मिलेगा। कार्यक्रम में विकास अधिकारी कुलेश्वर सिंह मौजूद रहे। एवम जिला परिषद सदस्य रवि मेनारिया ने सभी जन प्रतिनिधियों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में शीतांग जोशी, राजेंद्र सिंह, गब्बर सिंह सहित सैकड़ों जनप्रतिनिधि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन वीरेंद्र सिंह भाटी व अध्यक्षता प्रधान बगदीराम ने की।

# पंचायत समिति में लॉकडाउन सारथियों का सम्मान




गंगरार. निंबाहेड़ा पंचायत समिति में सम्मान समारोह।

**गंगरार/ निंबाहेड़ा |** युवा देश की रीढ़ होती है। शिक्षा उसे शक्ति देती है। युवाओं के सशक्तिकरण से ही राष्ट्र निर्माण संभव है। इसमें सरपंचो की विशेष भूमिका हो सकती है। यह बात प्रो. डॉ लोकेश शर्मा ने निंबाहेड़ा पंचायत समिति में कही।

मेवाड़ विश्वविद्यालय के सिविल सर्विसेज निदेशालय के निदेशक डॉ. शर्मा वहां लॉकडाउन सारथी सम्मान को बतौर मुख्य वक्ता संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सरपंचों को युवाओं को शिक्षा के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया।

आयोजन में निंबाहेड़ा पंचायत समिति के सरपंच, पंचायत समिति सदस्य व जिला परिषद के सदस्य शामिल हुए। इन्हें लॉकडाउन सारथी सम्मान में प्रतीक चिह्न भेंट किए व पगड़ी पहनाई गई। मुख्य अतिथि प्रधान बगदीराम ने मेवाड़ विश्वविद्यालय के प्रति इस सम्मान समारोह के लिए आभार जताया। जिला परिषद सदस्य रवि मेनारिया ने आभार प्रकट किया। विकास अधिकारी कुलेश्वरसिंह, शीतांश जोशी, राजेंद्रसिंह, गब्बरसिंह सहित जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

# पंचायत समिति में लॉकडाउन सारथियों का सम्मान



गंगरार. निंबाहेड़ा पंचायत समिति में सम्मान समारोह।

**गंगरार/ निंबाहेड़ा** | युवा देश की रीढ़ होती है। शिक्षा उसे शक्ति देती है। युवाओं के सशक्तिकरण से ही राष्ट्र निर्माण संभव है। इसमें सरपंचो की विशेष भूमिका हो सकती है। यह बात प्रो. डॉ लोकेश शर्मा ने निंबाहेड़ा पंचायत समिति में कही।

मेवाड़ विश्वविद्यालय के सिविल सर्विसेज निदेशालय के निदेशक डॉ. शर्मा वहां लॉकडाउन सारथी सम्मान को बतौर मुख्य वक्ता संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सरपंचों को युवाओं को शिक्षा के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। आयोजन में निंबाहेड़ा पंचायत समिति के सरपंच, पंचायत समिति सदस्य व जिला परिषद के सदस्य शामिल हुए। इन्हें लॉकडाउन सारथी सम्मान में प्रतीक चिह्न भेंट किए व पगड़ी पहनाई गई। मुख्य अतिथि प्रधान बगदीराम ने मेवाड़ विश्वविद्यालय के प्रति इस सम्मान समारोह के लिए आभार जताया। जिला परिषद सदस्य रवि मेनारिया ने आभार प्रकट किया। विकास अधिकारी कुलेश्वरसिंह, शीतांग जोशी, राजेंद्रसिंह, गब्बरसिंह सहित जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

# ग्रामीण जनप्रतिनिधियों व युवाओं की सकारात्मक भूमिका से होगा राष्ट्र निर्माण




## सरपंचों व ग्रामीण जनप्रतिनिधियों को लॉकडाउन सारथी सम्मान

निम्बाहेड़ा. पंचायत समिति निम्बाहेड़ा के सभागार में मेवाड़ विश्वविद्यालय द्वारा लॉकडाउन सारथी सम्मान समारोह प्रधान बगदीराम धाकड़ के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया।

इसमें कोरोना लॉकडाउन के दौरान किए गए कार्यों एवं ग्रामीण जनप्रतिनिधियों की विशेष भूमिका को दृष्टिगत रखते हुए जिला परिषद सदस्यों, पंचायत समिति सदस्यों एवं ग्राम पंचायतों के सरपंचों को मेवाड़ी पाग पहनाकर स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता मेवाड़ विश्वविद्यालय के सिविल सर्विसेज निदेशालय के निदेशक प्रो. डॉ. लोकेश शर्मा ने कहा कि युवा देश की रीढ़ होती है। शिक्षा उनको शक्ति प्रदान करती है। युवाओं के सशक्तिकरण से ही राष्ट्र निर्माण संभव है, इसमें ग्राम पंचायतों के सरपंचों एवं ग्रामीण जनप्रतिनिधियों की भी विशेष भूमिका रह सकती है। उन्होंने सरपंचों को युवाओं को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने का भी आव्हान किया। मुख्य अतिथि प्रधान धाकड़ ने कहा कि मेवाड़ विश्वविद्यालय द्वारा ग्रामीण जनप्रतिनिधियों का सम्मान करने से सेवाभाव के क्षेत्र में कार्य करने लोगों को प्रोत्साहन एवं प्रेरणा मिलेगी। कार्यक्रम में बीडीओ कुलेश्वर सिंह, जिला परिषद सदस्य गब्बरसिंह अहीर, राजेन्द्रसिंह मिंडाणा, शितांग जोशी आदि उपस्थित थे। जिला परिषद सदस्य रवि मेनारिया ने आभार जताया। संचालन वीरेंद्रसिंह भाटी ने किया।